पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय,रायपुर (छ.ग.)

visit us : www.prsu.ac.in E-Mail : rsuexam@gmail.com

क्रमांक2429 /परीक्षा/प्रवेश/2023 रायपुर, दिनांक25 /10/2023

प्रति,

प्राचार्य/अध्यक्ष,
समस्त सम्बद्ध शासकीय/अशासकीय महाविद्यालय/अध्ययनशाला,
पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय,रायपुर।

विषय :– ऑफलाइन प्रवेशित छात्रो का विवरण विश्वविद्यालय के पोर्टल पर ऑनलाइन अपडेट करने के संबंध में।
संदर्भ :– अधिसूचना क्रमांक 2095/परीक्षा/प्रवेश/2023 रायपुर, दिनांक 16/09/2023

महोदय,

उपरोक्त संदर्भित पत्र के माध्यम से विश्वविद्यालय द्वारा महाविद्यालय/ अध्ययनशालाओं में रिक्त रह गयी सीटों पर प्रवेश की तिथि में 27.09.2023 तक वृद्धि की गई थी एवं ऑफलाइन प्रवेश लेने वाले छात्रों का विवरण विश्वविद्यालय के पोर्टल पर अनिवार्य रूप से ऑनलाइन अपडेंट करने हेतु पत्र जारी किया गया था। उक्त तिथि समाप्त होने के उपरांत महाविद्यालय/अध्ययनशालाओं में ऑफलाइन प्रवेश लेने वाले छात्र जिनका विवरण विश्वविद्यालय के पोर्टल पर ऑनलाइन अपडेट नही किया गया है, ऐसे छात्रों की सूची विश्वविद्यालय को प्राप्त हो रही है।

अतः समस्त महाविद्यालय/अध्ययनशालाओं को सूचित किया जाता है कि दिनांक 27.09.2023 के पूर्व ऐसे छात्र जिनको नियमानुसार ऑफलाइन प्रवेश प्रदान किया गया है एवं जिनका विवरण विश्वविद्यालय के ऑनलाइन पोर्टल पर अपडेट नहीं किया गया है, पंजीयन शुल्क एवं अन्य प्रवेश संबंधी दस्तावेज के साथ विश्वविद्यालय को पत्र के माध्यम से **दिनांक 26.10.2023** तक अनिवार्य रूप से प्रेषित करें। उक्त तिथि के पश्चात ऑफलाइन प्रवेश लेने वाले छात्रों के ऑनलाइन अपडेट करने के संबंध में विश्वविद्यालय द्वारा किसी भी महाविद्यालय/अध्ययनशाला से पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।

टीपः– 1. इसके पूर्व जिन महाविद्यालयों में विश्वविद्यालय में ऑफलाइन छात्रों के विवरण को ऑनलाइन अपडेट करने के संबंध में पत्र प्रेषित है एवं पत्र के साथ छात्रों का प्रवेश पंजीयन शुल्क की रसीद अथवा प्रवेश संबंधी अन्य विवरण पत्र के साथ संलग्न नही किया है वे भी अनिवार्य रूप से दिनांक 26.10.2023 के पूर्व विश्वविद्यालय में प्रस्तुत करें।

2. विश्वविद्यालय द्वारा जिन छात्रों के रोके गये (W.H.), अनुचित साधनों के प्रयोग (UFM) एवं त्रुटिपूर्ण परीक्षा परिणाम जिन्हें सुधार कर विश्वविद्यालय द्वारा घोषित किया जा रहा है ऐसे छात्र परीक्षा परिणाम घोषित होने के 10 दिवस के भीतर महाविद्यालय/अध्ययनशाला में पात्रता अथवा नियमानुसार अगली कक्षा/सेमेस्टर में ऑफलाइन आवेदन के आधार पर प्रवेश ले सकते हैं। ऐसे छात्र जो विश्वविद्यालय द्वारा घोषित संशोधित परीक्षा परिणाम (W.H./UFM) घोषित होने के उपरांत महाविद्यालय/अध्ययनशाला में प्रवेश ले चुके है, उनका भी विवरण विश्वविद्यालय के ऑनलाइन पोर्टल पर महाविद्यालय/अध्ययनशाला **दिनांक 26.10.2023** तक अनिवार्य रूप से अपडेट करेंगे।

आदेशानुसार,

20/10/23

कुलसचिव

पृ.क्र2430/परीक्षा/प्रवेश/2023 रायपुर, दिनांक25/10/2023

प्रतिलिपिः–

1. संचालक,भारतीय राष्ट्रीय उपभोक्ता,सहकारी संघ मर्यादित 320AD, इंदिरा नगर,स्पीकर हाउस के सामने, कांके रोड,रांची– झारखंड, पिन नं– 834008 को आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित,
2. प्रभारी, कम्प्यूटर सेंटर, पं.र.शु.वि.वि.,रायपुर को इस सूचना के साथ कि उक्त अधिसूचना को वि.वि. के वेबसाईट में अपलोड करने का कष्ट करे।
3. कुलपति के सचिव/कुलसचिव के निजी सहायक, पं.र.शु.वि.वि.,रायपुर को सूचनार्थ।

20-10-23

उप कुलसचिव (परीक्षा)